# कौटिल्य एकेडमी

अनुक्रमांक / Roll No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें।
Candidate should write his/her Roll No. here

कुल प्रश्नों की संख्या : 3+3
**Total No. of Questions : 3+3**

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 03
**No. of Printed Page : 03**

## M-2021

## PAPER-4 (FLT)
## DATE : 04-04-2022

समय : 3 : 00 घण्टे
**Time : 3 : 00 Hours**

पूर्णांक : 200
**Total Marks : 200**

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :
**Instructions of the candidates :**

1. प्रत्येक खण्ड में कुल तीन प्रकार के प्रश्न है। सभी प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित है।
3. प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका चयन आपने आवेदन पत्र में किया है। किसी अन्य माध्यम में लिखे गये उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेगा।
4. जहाँ शब्द सीमा दी गई है उसका अवश्य पालन करे।
5. प्रश्न पत्र के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दें। एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जायें तथा उनके बीच अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जायें।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 10 शब्दों में दीजिए : **(20×2 = 40)**

Write Answer the following questions in about10 words.

1. नैतिक तर्क क्या है?

   What is moral reasoning?
2. सत्यनिष्ठा का अर्थ क्या है?

   What is meant by integrity?
3. पारदर्शिता का क्या अर्थ है?

   What is meant by transparency?
4. निष्पक्षता का अर्थ क्या है?

   What is meant by fairness?
5. करुणा को समझाइए?

   Explain compassion?
6. मनोवृत्ति का शब्दिक अर्थ है?

   What is Attitude
7. लोकसेवक किसे कहते हैं?

   Who are public servants?
8. सांवेगिक बुद्धि से क्या आशय है?

   What is meant by emotional intelligence?
9. बुद्धि किसे कहते हैं?

   Who is called intellect?
10. अभिक्षमता क्या है?

    What is Aptitude?
11. आचरण संहिता क्या है?

    What is the Code of Conduct?
12. पूर्वाग्रह का अर्थ लिखो?

    Write the meaning of prejudice?
13. भारत में लोकपाल अधिनियम का बना?

    Lokpal Act in India was made?
14. द पॉल्टिक्स के लेखक है?

    Who is the author of The Poltics?
15. सत्याग्रह का अर्थ है?

    What is meant by Satyagraha?
16. 'अद्वैतवाद का खण्डन' नामक पुस्तक के लेखक है?

    Who is the author of the book 'Advaita Ka Khandan'?
17. बह्म समाज के संस्थापक कौन थे?

    Who was the founder of Brahmo Samaj?

◦

18. प्रशासन के समक्ष दो नैतिक मुद्दे?

    Two ethical issues before the administration?

19. अध्यात्म किसे कहते हैं?

    What is spirituality?

20. भ्रष्टाचार के विकास के दो कारण लिखो? ?

    Write two reasons for the growth of corruption?

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 50 शब्दों में लिखिए। (5 Marker)**

Write the answers to the following questions in about 50 words.

1. अभिक्षमता से क्या समझते हो?

   What do you understand by aptitude?

2. मूल्य किसे कहते हैं?

   What is value?

3. समुदायवादिता किसे कहा जाता है?

   What is called communitarianism?

4. वस्तुनिष्ठता किसे कहते हैं?

   What is Objectivity?

5. अरविंद के समग्र योगदर्शन की जानकारी दीजिए।

   Give information about the overall yoga philosophy of Arvind.

6. ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल से क्या समझते हो?

   What do you understand by Transparency International?

7. लोक प्रशासन में सत्यनिष्ठा का महत्व बताइएँ?

   State the importance of integrity in public administration?

8. लोकसेवा बुद्धि की भूमिका लिखे? ;

   Write the role of public service intelligence?

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 200 शब्दों में लिखिए।**

Write answers to the following questions in about 200 words. **(20×4 = 80 )**

1. पारदर्शिता लोकप्रशासन का एक महत्वपूर्ण गुण है। व्याख्या करो।

   Transparency is an important quality of public administration. explain.

2. ''चुनौतियों से तो सब लड़ते है लेकिन उसके चरित्र का परीक्षण करना है तो उसे शक्ति व अधिकार दे दो'' — अब्राहिम लिंकन के अनुसार

   "Everyone fights with challenges, but if you want to test his character, then give him power and authority"

   - According to Abraham Lincoln

3. आचरण नियम 1964 के अंतर्गत उधार लेना उधार देना तथ निजी व्यापार निषेध क्या?

   What is the prohibition of borrowing, lending and private trade under the Conduct Rules 1964?

4. भारतीय समाज के उत्थान में स्वामी विवेकानंद का योगदान।

Contribution of Swami Vivekananda in the upliftment of Indian society.

4. पाठ्यक्रम पर सम्मिलित विषय वस्तु पर आधारित प्रकरण (शब्द सीमा 500)
Case studeis based on the contents of Syllabus. (Words limit 500) **(20×2 = 40)**

**प्रकरण – 1**

गजराज सिंह अपने कार्यों के सम्पादन में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता का पालन करते हैं। वह एक प्रिंट मीडिया के प्रमुख संपादक है। खबरों की स्पष्टता, वस्तुनिष्ठता एवं गुणवत्ता को बनाए रखना उनका मुख्य उद्देश्य है। चुनावों का दौर चल रहा है सभी उम्मीदवार अपनी–अपनी पार्टी का नारा बुलंद कर रहे हैं और अधिक बहुमत से जीतने की रणभेरी बजा रहे हैं। उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं को रिझाने के लिए शराब, कपड़ा, कम्बल, मांस आदि का व्यापक मात्रा में वितरण किया जा रहा हैं। यह इत्तेफाक हैं कि गजराजसिंह के भाई यशराज सिंह भी एक उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में खड़े हैं। यद्यपि यशराज सिंह की उम्मीदवारी के अतिरिक्त उनकी किसी भी गतिविधि के बारे में गजराज सिंह को लेशमात्रा भी जानकारी नहीं हैं। गजराज सिंह स्वयं रिपोर्टिंग कर रहे हैं और खबरों की सच्चाई एवं उम्मीदवारों की करतूतों का व्याख्यान भी कर रहे हैं। चुनाव प्रचार अभियान के समय चुनाव आयोग भी काफी सक्रिय हैं। इसी बीच गजराज सिंह एक खबर की रिपोर्टिंग करते हैं, जिसमें जहरीली शराब पीने से करीब 100 मजदूरों की मृत्यु हो गई। शराब का वितरण उम्मीदवारों द्वारा ही किया गया हैं। इस खबर की जानकारी केवल गजराज सिंह को हैं। खबर बड़ी है और टीआरपी के लिहाज से महत्वपूर्ण। अतः पूरी तैयारी के साथ रिपोर्टिंग की जाने वाली हैं। इसी बीच गजराजसिंह को यह जानकारी मिलती हैं कि शराब का वितरण जिस उम्मीदवार के समर्थकों ने किया हैं वह उनके भाई यशराज सिंह हैं। इस खबर की रिपोर्टिंग करने से यशराज सिंह की न केवल गिरफ्तारी सुनिश्चित हैं, बल्कि राजनीतिक भविष्य भी दांव पर हैं।

गजराजसिंह स्तब्ध रह जाते हैं। औरतों के रोने का कोलाहल, बच्चों की रूदन वाली आवाजें गजरात सिंह को किंकर्त्तव्य–विमूढ़ कर देते हैं, चुनाव आयोग मौके की तलाश में हैं। ऐसी स्थिति में गजराज सिंह के पास जितने भी विकल्प हो सकते हैं, उनमें से कुछ का सुझाव नीचे दिया गया हैं। प्रत्येक विकल्प का गुण–दोषों के आधार पर मूल्यांकन कीजिए।

**आपके समक्ष उपस्थित कुछ विकल्प इस प्रकार है–**

(a) अपने पद की गरिमा, समाज के प्रति नैतिक जिम्मेदारी और निर्द्वन्द्व रिपोर्टर के रूप में गजराज सिंह को यशराज सिंह के घृणित करतूतों को बयान करना चाहिए और यशराज सिंह से माफी मांगनी चाहिए।

(b) रिपोर्टिंग करते समय यशराज सिंह के समर्थकों को शक के घेरे में शामिल करते हुए यशराज को बचाना चाहिए, साथ ही यशराज की ओर से मृतक लोगों के लिए आर्थिक मुआवजा देने की घोषणा करनी चाहिए।

INDORE

**Case - 1**

Gajraj Singh follows transparency and quality in the execution of his works. He is the editor-in-chief of a print media. Their main objective is to maintain the clarity, objectivity and quality of news. Elections are going on, all the candidates are raising the slogan of their respective party and playing the battlefield to win with more majority. Liquor, cloth, blankets, meat etc. are being distributed in large quantities by the candidates to the voters. It is a coincidence that Gajraj Singh's brother Yash Raj Singh is also in the fray as a candidate. However, apart from the candidature of Yash Raj Singh, Gajraj Singh is not even aware of any of his activities. Gajraj Singh himself is reporting and also lecturing the truth of the news and the misdeeds of the candidates. The Election Commission is also very active during the election campaign. Meanwhile, Gajraj Singh is reporting a news, in which about 100 laborers died due to drinking spurious liquor. The distribution of liquor is done by the candidates only. Only Gajraj Singh is aware of this news. The news is big and important in terms of TRP. So reporting is going to be done with full preparation. Meanwhile, Gajraj Singh gets information that the candidate whose supporters have distributed liquor is his brother Yashraj Singh. Reporting this news not only ensures arrest of Yash Raj Singh, but also puts his political future at stake.

Gajraj Singh is shocked. The cries of women, the cries of children make Gajrat Singh out of duty, the Election Commission is looking for an opportunity. In such a situation, some of the options that Gajraj Singh can have are suggested below. Evaluate each option on its merits and demerits.

**Some of the options before you are as follows-**

(a) With the dignity of his position, moral responsibility towards the society and as a fearless reporter, Gajraj Singh should narrate the despicable deeds of Yash Raj Singh and apologize to Yash Raj Singh.

(b) While reporting, Yash Raj should be saved by putting Yash Raj Singh's supporters under suspicion, as well as announcing financial compensation on behalf of Yash Raj for the deceased.

**प्रकरण – 2**

आप एक जनपद की तहसील में तैनात उप–जिलाधिकारी (SDM) हैं, और आपकी नियुक्ति अभी हाल में ही हुई है। इसी समय आपके जिले में चल रही डेयरी प्रोत्साहन योजना की जाँच आपको सौंपी जाती हैं। आप पाते हैं कि योजना के लिए चयनित पात्र व्यक्तियो में से अधिकतर स्थानीय विधान सभा सदस्य के रिश्तेदार हैं और उन्हीं के कहने पर पिछले उप–जिलाधिकारी के कार्यकाल में इन व्यक्तियों को योजना हेतु चयनित किया गया था। आगे और जाँच करने पर आपको यह भी पता लगता हैं कि इनमें से अधिक लोगों ने योजना के तहत जारी अनुदान राशि व व्यय निजी कार्यों पर किया है। इस सारे प्रकरण की जानकारी जिलाधिकारी को भी हैं, लेकिन वे कोई आपत्ति दर्ज नहीं करते हैं, जबकि जाँच रिपोर्ट आपको जिलाधिकारी के समक्ष ही प्रस्तुत करनी है। इस स्थिति में आप क्या करेंगे? साथ ही चुने गए विकल्पों के गुण–दोषों के आधार पर विवेचना भी कीजिए।

(a) आप स्थानीय विधानसभा सदस्य से मिलेंगे और जाँच रिपोर्ट को उसी रूप में प्रस्तुत करेंगे, जिस रूप में निर्देश देंगे, क्योंकि ऐसा न करने से वे आपका तबादला कराने में सक्षम हैं।

(b) योजना की निष्पक्ष जाँच करेंगे और व्यक्तिगत लाभ–हानि की चिंता किए बिना रिपोर्ट को प्रस्तुत करेंगे।

## Case - 2

You are the Sub-District Magistrate posted in the Tehsil of a district, and you have been appointed recently. At the same time, the investigation of the dairy promotion scheme running in your district is entrusted to you. You find that most of the eligible persons selected for the scheme are relatives of the local Legislative Assembly member and on their behest, these persons were selected for the scheme during the tenure of the previous Deputy District Magistrate. On further investigation, you also come to know that most of these people have spent the grant money and expenditure released under the scheme on personal works. The District Magistrate is also aware of all this matter, but he does not register any objection, whereas you have to submit the inquiry report to the District Magistrate only. What would you do in this situation? Also, discuss the merits and demerits of the chosen options.

(a) You will meet the member of the local Legislative Assembly and submit the inquiry report in the form as directed, failing which they are capable of getting you transferred.

(b) will examine the scheme objectively and submit the report without worrying about individual profit or loss.

KAUTILYA ACADEMY INDORE